क्रमांक-5

मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

शुक्रवार, दिनांक 22 फरवरी, 2013 (फाल्गुन 3, 1934)

विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.

1. वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री राघवजी, वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

2. अध्यक्षीय घोषणा

आय-व्ययक की मांगों पर कटौती प्रस्ताव देने एवं सामान्य चर्चा हेतु समय नियत करने विषयक

वित्त मंत्री का बजट भाषण पूर्ण होने के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं, निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 22 फरवरी, 2013 को सायं 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में देने का समय नियत किया गया है तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए दिनांक 26, 27 एवं 28 फरवरी 2013 का समय नियत किया गया है।

मध्याह्न 12.15 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 26 फरवरी, 2013 (फाल्गुन 7, 1934) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 22 फरवरी, 2013